Title: Need to ensure early functioning of Fertilizer Plant by KRIBHCO in Gorakhpur, U.P.-Laid

श्री आदित्य नाथ योगी (गोरखपुर): भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड के गोरखपुर ईकाई की स्थापना सन 1969 में हुई थी। यह उर्वरक कारखाना पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा उत्तरी बिहार के किसानों के लिये वरदान था परन्तु एक साधारण दुर्घटना के चलते उक्त कारखाना बन्द कर दिया गया।

औद्योगिक दृटि से पहले से ही पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश में लगे इस कारखाने के बन्द हो जाने के कारण वहां के कर्मचारियों के साथ-साथ किसानों में भी भारी निराशा व्याप्त है।

सरकार ने व्यापक जनहित में उक्त बन्द पड़े उर्वरक कारखाने को कृभको द्वारा चलवाने का सैद्धान्तिक रूप से अनुमोदन करते हुए पी0आई0बी0 से इसे निवेशात्मक मूल्य निर्धारित करने का निर्देश दिया था। पी0आई0बी0 ने परियोजना का निवेशात्मक मूल्य निर्धारित करके शासन को अंतिम अनुमोदन के लिये प्रस्ताव भेजा है।

अतः आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से अनुरोध है कि कृपया गोरखपुर में कृभको द्वारा प्रस्तावित खाद कारखाने को अंतिम मंजूरी देने का कट करें।